महत्वपूर्ण एवं खास

नक्सलियों ने मुखबीरी करने वालों को जान से मारने की दी धमकी

जगदलपुर (आरएनएस)। नक्सलियों के कांगेर घाटी एरिया कमेटी ने गांव के जनप्रतिनिधियों पर मुखबीरी करने का आरोप लगाते हुए पर्चे में कांदानार के सरपंच और मुखिया के नाम पर्चा जारी किया है। उन्होंने पर्चे में लिखा है कि यहां के युवक-युवतियां भी इसमें शामिल हैं। सभी उनकी जानकारी फोन करके पुलिस को दे रहे हैं। ऐसा करने वालों को जान गंवाने की धमकी भी दी है। साथ ही उन्होंने कहा कि वे अपने मोबाइल में पुलिस को नंबर भी न रखें। इसे बेकार हरकत करार दिया है। ऐसा करने वालों की जानकारी होने पर उनकी हत्या करने की बात कही गई है। वहीं उन्होंने आदिवासी अंचलों में धर्मपरायण लोगों को लेकर भी बात कही है। सभी को उन्होंने दो हफ्ते का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि वे सुधर जाएं, एक बार मौका दे रहे हैं।

कोंटा के ग्राम बटेर से नक्सलियों ने पांच ग्रामीणों का किया अपहरण

» सर्व आदीवासी समाज ने की नक्सलियों से ग्रामीणों को रिहा करने की अपील

सुकमा (आरएनएस)। जिले के कोंटा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बटेर से नक्सलियों द्वारा पांच ग्रामीणों के अपहरण कर अपने साथ ले गये हैं। इसकी जानकारी सर्व आदीवासी समाज को जैसे ही लगी दोरनापाल में सर्व आदीवासी समाज के पदाधिकारियों ने बैठक कर नक्सलियों से बटेर गांव के पांचों आदिवासी ग्रामीणों की सकुशल रिहाई की अपील की गई है। सर्व आदीवासी समाज के जिलाध्यक्ष पोज्जाराम मरकाम ने कहा कि नक्सलियों द्वारा शुक्रवार एवं शनिवार को पांच ग्रामीणों को गांव से उठाया गया है, नक्सलियों से सभी ग्रामीणों की सकुशल रिहाई की सर्व आदीवासी समाज अपिल करता है।

ऑनलाइन ठगी का आरोपी उत्तराखंड ऋषिकेश से गिरफ्तार

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। जिले की पुलिस ने गैस एजेंसी दिलाने के नाम पर किरंदुल के एक व्यक्ति से ऑनलाइन माध्यम से वर्ष 2020 में लगभग 4.58 लाख रुपए की ठगी की थी। ऑनलाइन ठगी करने के आरोपी संजय चौधरी को उत्तराखंड ऋषिकेश से गिरफ्तार किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार किरंदुल निवासी सुखदेव कोर्राम ने शहर में गैस एजेंसी का काम लेने के लिए गूगल में सर्च कर उसका प्रोसेस देखा था। जब वेब साइट पर क्लिक किया तो एक फॉर्म आया जिसे भरकर उसने सबमिट किया था। कुछ देर बाद एक अज्ञात नंबर से सुखदेव के पास फोन आया। फोन पर व्यक्ति ने कहा कि आप का फॉर्म मिल चुका है, बस कुछ राशि जमा करनी होगी। सुखदेव ने करीब 4.58 लाख जमा कर दिए, बाद में उसने फिर पैसे की मौंग की, एजेंसी कब मिलेगी पूछने पर फोन बंद आने लगा। इसके बाद ठगी का अहसास होने पर प्रार्थी ने किरंदुल थाना में एफआईआर करवाया जिसके बाद आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी रही, जिसे उत्तराखंड ऋषिकेश से गिरफ्तार किया गया।

बाजार से अधिक मात्रा में बैटरी, वायर, टार्च, रशद क्रय करने वालों की दें सूचना - थाना प्रभारी

नारायणपुर (आरएनएस)। जिले के थाना प्रभारी के नेतृत्व में आज थाना नारायणपुर पुलिस द्वारा साप्ताहिक नारायणपुर बाजार मे पैदल गस्त कर नक्सलीयों के सामान सप्लाई रोकने के परिपेक्ष्य मे इलेक्ट्रॉनिक एवं रोजमर्रा सामान के व्यापारियों को चैकिंग कर, अधिक मात्रा में बैटरी, वायर, टार्च, रशद सामग्री आदि सामान खरीदने वालो कि सूचि रखकर थाना मे सूचित करने हिदायत दिया गया।

ठंड के सीजन में सब्जियों के भाव सुनकर छूट रहे लोगों के पसीने

भाजियों की कीमत आसमान छू रहेः मैथी भाजी प्रति किलो 360 रूपये एवं प्याज भाजी 100 पहुंची

रायपुर (आरएनएस)। ठंड का मौसम शुरू हो गया है, लेकिन ठंड में भी सब्जियों के भाव सुनकर लोगों के पसीने छूट रहे है । सब्जियों के साथ भाजियों के दाम भी आसमान छू रहे है। सबसे महंगी मैथी भाजी 360 रूपये प्रति किलो की दर से बिक रही है।

राजधानी रायपुर में इन दिनों सब्जियों के भाव सुनकर ही लोगों के पसीने छू जा रहे है। महंगाई के इस दौर पर जहां पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस एवं खाद्य सामग्रियों के बढ़े हुए भावों से लोग परेशान है, वहीं इन दिनों सब्जियों के आसमान छू रहे भावों ने लोगों को सब्जियों से दूर कर दिया है। इन दिनों बाजार में ऐसी कोई सब्जी नहीं मिल रही जिसके भाव 40 रूपये प्रति किलो से कम हो। यहां तक की सबसे सस्ती सब्जियों में लौकी, कुंदरू और कुम्हड़ा भी 40 रूपये प्रति किलो में बिक रहे है, वहीं गोभी, बरबट्टी, भाटा, करेला, कोचई, तोरई, परवल, भिण्डी, शिमला मिर्च सहित अन्य सब्जियां भी 50 रूपये से लेकर 100 रूपये प्रति किलो तक बिक रही है। यहीं नहीं सर्दियों के दिनों में अक्सर भाजियों के भाव गिर जाते है, लेकिन नवंबर माह शुरू हो चुका है लेकिन भाजियों के भाव आसमान छू रहे है। सबसे महंगी मैथी भाजी बिक रही है जिसके भाव सुनकर ही लोगों के पसीने छूट रहे है। मैथी चिल्हर में 360 रूपये प्रति किलो की दूर से बिक रही है, वहीं प्याज भाजी प्रति किलो 100 रूपये, पालक 80 रूपये, लालभाजी 60-80 रूपये, चौलई 80 रूपये प्रति किलो की दर से बिक रही है। इसके अलावा आलू और प्याज के भाव भी बढ़े हुए है। आलू 30 एवं प्याज 40-45 रूपये प्रति किलो बिक रहे है। टमाटर भी 60 से 80 रूपये प्रति किलो बिक रहे है। इस तरह सब्जियों के बढ़े हुए भाव के कारण लोग सब्जियां खरीदने कम कर दिए है।

झीरम घाटी मामले की जांच की रिपोर्ट राज्यपाल को सौंपे जाने पर कांग्रेस ने उठाये सवाल

» पीसीसी अध्यक्ष इस मामले में शाम को करेंगे प्रेस कांफ्रेस

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ की झीरम घाटी हमले की जांच रिपोर्ट न्यायिक आयोग द्वारा राज्यपाल को सौंपे जाने पर कांग्रेस ने सवाल उठाना शुरू कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम इस मामले में आज शाम को राजीव भवन में प्रेस कांफ्रेंस भी लेंगे।

ज्ञात हो कि न्यायिक जांच आयोग ने झीरम मामले की रिपोर्ट राज्य सरकार के हवाले करने के बजाय उसे राज्यपाल अनुसुईया उइके को सौंप दिया हैं। कांग्रेस इस पर आपत्ति दर्ज करते हुए इसे मान्य प्रक्रिया के विपरीत बताया है।

बता दें कि झीरम घाटी हमले की जांच न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा के नेतृत्व में गठित न्यायिक जांच आयोग कर रहा था, जिसने शनिवार शाम राज्यपाल अनुसूईया उइके को जांच रिपोर्ट सौंप दी है। झीरम हत्याकांड जांच आयोग के सचिव और छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार संतोष कुमार तिवारी यह रिपोर्ट लेकर राजभवन पहुंचे थे। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा अभी आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश हैं। बताया जा रहा है उनके बिलासपुर से निकलने से पहले ही इस रिपोर्ट को अंतिम रूप दिया गया। यह रिपोर्ट 10 खंडों और 4 हजार 184 पेज में तैयार की गई है।

बस्तर के खिलाड़ियों के लिए 50 करोड़ की लागत से बन रहा खेल परिसर

जगदलपुर (आरएनएस)। बस्तर के खिलाड़ियों के लिए लगभग 50 करोड़ की लागत से खेल परिसर क निर्माण जगदलपुर के इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम और धरमपुरा क्रीड़ा परिसर में बनाया जा रहा है। इस परिसर में लगभग 10 से ज्यादा अलग-अलग खेलों के लिए मैदान उपलब्ध होगा। कलेक्टर स्वयं इसकी निगरानी कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि आने वाले 02 महीनों में काम पूरा कर लिया जाएगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में लगभग साढ़े सात करोड़ रुपए की लागत से एथिलेटिक्स के लिए सिंथेटिक ट्रैक के साथ टर्फ फुटबाल मैदान का निर्माण किया जा रहा है। इसके साथ ही दो करोड़ रुपए की लागत से नया बैडमिंटन हॉल भी बनाया जा रहा है। यहां हैंडबॉल ग्राउंड, टेनिस ग्राउंड, बॉलीवॉली ग्राउंड के साथ ही दो मंजिला हॉस्टल का निर्माण भी किया जा रहा है। हॉस्टल भवन के निचले तल में आवासीय व्यवस्था के साथ ही ऊपरी तल में हॉल का निर्माण हो रहा है। इस हॉल में कबड्डी, कुश्ती, जूडो, कराटे जैसे सिंथेटिक मैट में खेले जाने वाले खेलों का आयोजन किया जाएगा। खेल परिसर के बनने के बाद अब जगदलपुर खेल हब के रूप में अपनी एक अलग पहचान बनाने की ओर अग्रसर होगा।

इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में क्रिकेट पिच के साथ ही स्टेडियम गैलरी के ऊपर कवर एवं पार्किंग की व्यवस्था भी की जा रही है। इस स्टेडियम में तीन चरणों में काम किया जा रहा है, जिनमें पहले और दूसरे चरण का निर्माण काम पूरा किया जा चुका है। वहीं कलेक्टर रजत बंसल ने तीसरे चरण का कार्य 02 महीने के अंदर पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में संचालित जिम के विस्तार तथा स्टेडियम के व्यवस्थित संचालन के लिए खिलाड़ियों और खेल संगठनों के पदाधिकारियों के साथ चर्चा कर कार्ययोजना तैयार करने को कहा है।

धरमपुरा स्थित क्रीड़ा परिसर में 07 करोड़ रुपए की लागत से 400 मीटर सिंथेटिक एथलीट ट्रैक, साढ़े पांच करोड़ रुपए की लागत से 200 मीटर वार्म अप ट्रैक व आर्चरी रेंज का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही साढ़े पांच करोड़ रुपए की लागत से मल्टीपर्पज हॉल का निर्माण भी हो रहा है। बताया जा रहा है कि जगदलपुर शहर के बीचों-बीच स्थित ऐतिहासिक सिटी ग्राउंड और हाता ग्राउंड का विकास भी किया गया है। जो जिले के फुटबॉल और क्रिकेट प्रेमी खिलाड़ियों की सालों पुरानी मांग थी।

कवर्धा झंडा विवाद पर आरोपियों के ऊपर कसा शिकंजा

» जिला बदर की कार्यवाई तय

कवर्धा (आरएनएस)। महीने भर पहले लोहारा नाका चौक विद्युत खंबे पर लगे धार्मिक झंडे को निकालकर फेंकने और हिंदु-मुस्लिम समुदाय के बीच विवाद पैदा करने वाले आरोपियों के खिलाफसरकार सख्त कदम उठाने जा रही है। इस मामले के दो प्रमुख आरोपी सलमान खान और रेहान उर्फसाहिल खान के खिलाफ शिंकजा कसने की बारी है। इन दोनों के खिलाफ पुलिस अधीक्षक कबीरधाम की रिपोर्ट पर कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा-3, 6 के अन्तर्गत कार्यवाही कर जिला बदर करने का नोटिस जारी किया है। दोनों आरोपियों अशांति फैलाने संबंधी मामले में अदालत से जमानत मिल गई है, लेकिन माना जा रहा है कि इनके खिलाफ जिला बदर की कार्यवाही होना तय है।

सलमान के खिलाफनोटिस में गंभीर तथ्य- पुलिस अधीक्षक कबीरधाम ने इस संबंध में 5 नवंबर को पेश किए गए प्रतिवेदन में कहा है कि दिनांक 3.अक्टबर को लोहारा नाका के डिवाईडर में लगे विद्युत खम्बे में लगे धार्मिक झण्डा को निकालकर फेंक देने पर हिन्दु समुदाय एवं मुस्लिम समुदाय के लोगों के मध्य गाली-गलौच, मारपीट कर, सांप्रदायिक दंगा कर निजी एवं शासकीय संपत्ति को तोड़फोड़ कर नुकसान पंहुचाने एवं कवर्धा शहर का सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने पर आपके विरुद्ध थाना कवर्धा में अलग अलग धाराओं के तहत अपराध कायम किए गए हैं। इसकी जांच की जा रही है। इस घटना के पश्चात नगर में लोक शांति स्थापित करने हेतु जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर जिला कबीरधाम के द्वारा 3 अक्टूबर को कवर्धा नगर में धारा 144 लागू किया गया जो अब भी लागू है। 3 अक्टूबर को घटित घटना के विरोध में विभिन्न हिंदु संगठनों के द्वारा दिनांक 5 अक्टूबर 21 को कवर्धा शहर में धरना प्रदर्शनचक्काजाम कर जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर कबीरधाम के आदेश का उल्लंघन कर नगर के मुस्लिम समुदाय के विभिन्न मोहल्लों में जाकर सांप्रदायिक नारेबाजी कर मुस्लिम समुदाय के लोगों के घरों में, दुकानों एवं वाहनों में तोड़फोड़ कर तथा शासकीय संपत्ति को तोडफोड कर सांप्रदायिक दंगा किये हैं। प्रकरण में सलमान आरोपी है। पांच अक्टूबर को घटना के पश्चात कवर्धा जिला की शांत छवि प्रभावित हुई है। उक्त घटना के बाद से ही हिन्दु समुदाय एवं मुस्लिम समुदाय के मध्य सामाजिक सौहाद्र बिगड़ा है, दोनो पक्षों में आक्रोश व्याप्त है, स्थिति संवेदनशील बनी हुई।

रेहान पर भी जिला बदर का फंदा- मामले के दूसरे आरोपी रेहान उर्फसाहिल खान के खिलाफ जारी नोटिस में उसके द्वारा अपराध में की गई भागीदारी से संबंधित तथ्य सामने लाए गए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार यह आरोपी भी सलमान के साथ वारादात में पूरी तरह शामिल था। इस आरोपी के खिलाफ भी -छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम की धारा-3, 6 के अन्तर्गत कार्यवाही कर जिला बदर करने की अनुशंसा की गई है। कहा गया है कि 5 अक्टूबर की घटना के बाद कवर्धा की शांति छवि प्रभावित हुई है। रेहान व सलमान के लिए नोटिस में कहा गया है कि इन परिस्थितियों में उनका जिले के अंदर रहना कठिन परिस्थिति पैदा कर सकता है। इस संबंध में शहर के सभी अपराधियों के रिकार्ड खंगाले जा रहे हैं। इनके खिलाफजिला की जा रही है।

महिला ने जहर खाया, संदिग्ध रूप से युवक का शव मिला फांसी पर

कोरबा (आरएनएस)। गिधौरी पहंदा थाना उरगा निवासी एक विवाहिता की जहर सेवन से हालत ज्यादा खराब होने पर उसे गत रात्रि जिला अस्पताल लाया गया। जिसे देखते ही चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार ग्राम गिधौरी निवासी राधा बाई मिरी उम्र 40 पति दिनेश कुमार मिरी मौजूदा समय में पहंदा में रह रहे थे। गत रात्रि खाना खाने के बाद उसकी पत्नी राधा बाई लगातार उल्टियां करने लगी। जिससे उसकी हालत काफी बिगड़ गई। पति दिनेश कुमार मिरी उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंचा। यहां उसे रात्रि 8.30 बजे के लगभग देखते ही चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। अस्पताल चौकी के प्रभारी रविंद्र जनार्दन ने बताया कि मृतका के पति का बयान दर्ज कर लिया गया है। शव को पंचनामा कार्यवाही के उपरांत पीएम के लिए चीरघर भिजवा दिया गया है। मृतका की विस्तृत पीएम रिपोर्ट मिलने पर ही उसके मौत के कारणों की पुष्टि की जाएगी। वैसे तो उसके पति ने अपने बयान में जो जानकारी दी है प्रथम दृष्टया उसके अनुसार जहर सेवन के अलावा उसने कच्ची महुआ का मदिरापान भी किया था। इसलिए इस हिसाब से मामले में जांच की जा रही है। पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद मर्ग डायरी विवेचना के लिए उरगा थाना रेफर कर दिया जाएगा। क्योंकि घटना स्थल पहंदा उरगा थाना क्षेत्रांतर्गत पड़ता है।

22 वर्षीय कुलदीप केंवट की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। बांकीमोंगरा क्षेत्र के पंखा दफाई रेलवे क्रासिंग के पास अपने घर पर उसका शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। उसने किन कारणों से यह कदम उठाया, इसकी जानकारी पुलिस जुटा रही है। मर्ग कायम करने के साथ शव पोस्टमार्ट के लिए भेज दिया गया।

पूर्वांचलवासियों का छठ महापर्व कल से, घाटों को व्यवस्थित करने जुटी टीम

कोरबा (आरएनएस)। आस्था और सात्विक महत्व का चार दिवसीय महापर्व छठ की आराधना 8 नवंबर से शुरू हो जाएगी। इस पर्व को पूरा करने वाले परिवार जहां शुद्धता का ख्याल रखेंगे, वहीं नदी-तालाबों में अर्घ्य देने भी जा सकेंगे। कोविड महामारी के कारण बीते साल उपासक अपने अपने घरों में ही इस पूजा की विधि पूरा किए थे, लेकिन इस बार नदी-तालाबों के साथ निर्धारित छठ घाटों पर सपरिवार उत्साह के साथ पहुंचकर पूजा करते नजर आएंगे।

छठ पूजा का महत्व अब धीरे-धीरे स्थानीय लोगों में भी बढ़ता जा रहा है। इसलिए पूजा करने वालों की भीड़ घाटों पर साल दर साल बढ़ती ही जा रही है। पूर्वांचल के लोग किसी न किसी मनोकामना के लिए इस कठिन व्रत का विधान करते हैं। इसमें किसी की मनोकामना पूरी हुई रहती है तो कोई मनोकामना पूरी होने के लिए करते हैं। शनिवार सुबह से ही छठ घाटों की साफ सफाई शुरू हो गई है। छठ देवी सूर्य देव की बहन हैं। पौराणिक मान्यता है कि भगवान श्रीराम के अयोध्या आने के बाद माता सीता के साथ कार्तिक शुक्ल षष्ठी को सूर्योपासना की थी। इसके अलावा महाभारत काल में कुंती द्वारा विवाह से पूर्व सूर्योपासना से पुत्र की प्राप्ति को भी इससे जोड़ते हैं। पूर्वांचल विकास समिति के वेद प्रकाश यादव ने बताया कि इस बार छठ पर्व की शुरुआत 8 नवंबर को नहाय खाय के साथ हो रहा है। पूजा संपन्न होने तक हर पूजक परिवार में सात्विक धर्म का पालन शुरू हो जाएगा, जो अंतिम दिवस सुबह के अर्घ्य के साथ पूरा होगा। इस दौरान किसी भी तरह की अशुद्धता से परिजन दूर रहेंगे। इस दिन व्रती महिलाएं स्नान ध्यान कर सेंधा नमक युक्त अरवा चावल, चने की दाल व लौकी की सब्जी भोजन के रूप में ग्रहण करेंगी।

बीते साल कोरोना महामारी के कारण शहर समेत उपनगरों के छठ घाटों पर उपासकों की भीड़ नहीं पहुंच पाई थी, लेकिन इस बार स्थिति सामान्य होने के कारण छठ घाटों पर तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसके कारण उपासक परिवारों के साथ श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंचेगी। सर्वाधिक भीड़ ढेंगुरनाला, सर्वमंगला मंदिर हसदेव नदी, मानिकपुर पोखरी, मुड़ापार तालाब, अय्यप्पा मंदिर सुभाष ब्लाक, राम मंदिर बालको समेत उपनगर दर्री, कटघोरा, बांकीमोंगरा, दीपका, कुसमुंडा में रहेगी।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुर्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करवायेगा।

पढ़िए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU